# राजस्थान सरकार

आयुक्तालय

**मिड–डे मील योजना**

(Mid Day Meal Scheme)

क्रमांक एफ.4(163)प्राशि./एम.डी.एम./श्रीकृभो/2024/1037 जयपुर, दिनांक : 01.03.2024

**जिला कलक्टर,**
**जिला समस्त।**

**विषय :– मिड डे मील योजनान्तर्गत "श्रीकृष्ण भोग" योजना के तहत आमजन को पीएम पोषण योजना (मिड–डे मील) कार्यक्रम से जोडने के लिए दिशा–निर्देशों के क्रम में।**

**महोदय,**

राज्य में पीएम पोषण योजना (मिड–डे मील) राजकीय विद्यालयों के कक्षा प्री–प्राइमरी से कक्षा 8 तक विद्यार्थियों को भोजन उपलब्ध कराने के साथ–साथ उनमें आपसी सामंजस्य, सद्भाव, विद्यालयों में ठहराव एवं नामांकन वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। आमजन को पीएम पोषण योजना (मिड–डे मील) कार्यक्रम से जोडने के लिए अनेक प्रकार के सामाजिक/व्यक्तिगत/ पारिवारिक कार्यक्रमों को विद्यालय में आयोजित करने के लिए प्रेरित करने हेतु राज्य सरकार द्वारा **"श्रीकृष्ण भोग" योजना प्रारम्भ की जा रही है।**

**"श्रीकृष्ण भोग"** योजना के तहत भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार के निर्देशों की पालना में **निम्न कार्य किये जा सकते है :–**

1. समाज के सम्पन्न, प्रतिष्ठित व्यक्तियों, जन समुदाय, स्थानीय दानदाताओं द्वारा अपने परिवार में कोई विशेष पर्व/उत्सव जैसे–विशेष धार्मिक पर्व **(होली, दीपावली, मकर संक्रान्ति, राखी)** विवाह, जन्म–दिन, संतान प्राप्ति, मनोकामना पूर्ण होने, धार्मिक यात्रा करने, बच्चों को शिक्षा में सफलता, बच्चों को नौकरी मिलने, शादी की सालगिरह या अन्य किसी क्षेत्र में विशेष प्रगति होने जैसे– महत्वपूर्ण अवसरों पर स्वेच्छा से विद्यालय में भोज आदि का आयोजन किया जा सकता है।
2. इस भोजन में नियमित भोजन के साथ–साथ अतिरिक्त पौष्टिक खाद्य सामग्री (फल, शहद, मिष्ठान, दूध, दही, गुड मूंगफली चिक्की इत्यादि) वितरित किये जा सकते हैं।
3. आमजन द्वारा विद्यालयों में किसी भी प्रकार की अन्य खाद्य सामग्री (जिसका उपयोग विभागीय व्यवस्था के अनुसार भोजन बनाने में किया जा सकता हैं जैसे घी, तेल, दाल, मसाले एवं शक्कर आदि) भी इस योजना के तहत दी जा सकती है।
4. समाज द्वारा दी जाने वाली सहायता का उपयोग योजना के अन्तर्गत अतिरिक्त भोजन उपलब्ध कराने, वर्तमान में दिये जा रहे भोजन में और गुणात्मक सुधार लाने, खाना बनाने एवं खाने के बर्तन, विद्यालयों में रसोईघर निर्माण आदि के लिए किया जा सकता है।

Signature valid

RajKaj Ref 5909707

Digitally signed by Vishwa Mohan Sharma
Designation : Commissioner
Date: 2024.03.01 17:40:02 IST
Reason: Approved

पता :– प्रशासनिक भवन, शिक्षा संकुल, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर, सम्पर्क : 0141 – 2701960, 2701694 (टेली/फैक्स),
ई–मेल mdm-rj@nic.in./rajmdm@rediffmail.com

5. दानदाताओं/संस्थाओं के द्वारा योजना के क्रियान्वयन हेतु विद्यालय में खाद्य सामग्री, बर्तन, गैस चूल्हे, दरी–पट्टी, फर्नीचर आदि सामग्री उपलब्ध करवा सकते हैं।
6. दानदाता/संस्थाऐं विद्यालय परिसर में विद्यालय की आवश्यकता के आधार पर रसोईघर, टॉयलेट, पानी की टंकी आदि का निर्माण करवाकर, संस्था को संभला सकते है।
7. जो दानदाता/संस्थाऐं मिड डे मील योजना के क्रियान्वयन हेतु नकद सहायता प्रदान करना चाहते हैं वे अपने पूर्ण विवरण के साथ धनराशि, डिमाण्ड ड्राफ्ट/चेक/नकद संस्था के बैंक खाते में जमा करवा सकते है। एस.एम.सी. अथवा संस्था प्रधान द्वारा उक्त प्राप्त धनराशि राशि का उपयोग दानदाता/संस्था की इच्छा अथवा विद्यालय में मिड डे मील योजना की आवश्यकता के लिए उपयोग किया जावेगा।
8. इस योजना में उपलब्ध करवाये गये भोजन, सामग्री, निर्माण कार्य एवं नकद सहायता का वित्तीय वर्ष के अनुसार रजिस्टर संधारित किया जायेगा ताकि योजना का यथा समय मूल्यांकन हो सके।
9. इस योजना में राज्य/केन्द्र सरकार द्वारा कोई मैचिंग ग्रांट उपलब्ध नहीं करवाई जायेगी।

इस योजना के तहत दानदाताओं/संस्थाओं द्वारा उपलब्ध कराये गये संसाधनों/सामग्री/भोज का विवरण मासिक प्रगति रिपोर्ट संलग्न प्रपत्र में आयुक्तालय मिड–डे मील को भिजवाया जाना सुनिश्चित किया जाये।

यह सक्षम स्तर से अनुमोदित है।

**संलग्न :– प्रपत्र**

**भवदीय,**

**(विश्व मोहन शर्मा),**
**आयुक्त,**
**मिड–डे मील योजना**

**प्रतिलिपि : निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–**

1. विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षामंत्री महोदय, राजस्थान सरकार
2. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग, जयपुर
3. निदेशक, प्रारम्भिक/माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान बीकानेर
4. समस्त संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा विभाग, राजस्थान
5. समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, स्कूल शिक्षा विभाग, राजस्थान
6. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी,(मु0) प्रारम्भिक/माध्यमिक शिक्षा विभाग, राजस्थान
7. समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, प्रारम्भिक शिक्षा राजस्थान

Signature valid

RajKaj Ref 5909707

Digitally signed by Vishwa Mohan Sharma
Designation : Commissioner
Date: 2024.03.01 17:40:02 IST
Reason: Approved

**आयुक्त,**
**मिड डे मील**

# राजस्थान सरकार

आयुक्तालय

**मिड–डे मील योजना**

(Mid Day Meal Scheme)

**प्रपत्र**

| S.No. | District | Full meal in lieu of Meals | | | Additional Food Item | | | | No. of schools received contribution | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | No. of schools | Meals served | Value (In Rs) | No. of schools | Children benefitted | Name of the items | Value (In Rs) | In kind | In any other form | Value (In Rs) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |

Signature valid

RajKaj Ref 5909707

Digitally signed by Vishwa Mohan Sharma
Designation : Commissioner
Date: 2024.03.01 17:40:02 IST
Reason: Approved